यूपीडा
उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण
सी-13, द्वितीय तल, पर्यटन भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ – 226010
0522-2307542 / 2307592 / 4013560, फैक्स : 0522-4013560 ईमेल upeida2@gmail.com

बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे एवं गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य को कैबिनेट की मिली मंजूरी...

उत्तर प्रदेश सरकार ने दिनांक 11.11.2019 को कैबिनेट की बैठक में बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे तथा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य को मंजूरी देकर निर्माण का रास्ता साफ कर दिया है। पूर्व में बुन्देलखण्ड क्षेत्र के विकास के लिए तेजी से कार्य करने हेतु निम्नलिखित कम्पनियों का चयन किया गया था।

M/s Apco Infratech Pvt. Ltd.(पैकेज 1 व 2), M/s Ashoka Buildcon Ltd. (पैकेज 3), M/s Gawar Construction Ltd. (पैकेज 4 व 5), तथा M/s Dilip Buildcon Ltd. (पैकेज 6)।

अब तक यूपीडा द्वारा बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के लिए लगभग 95 प्रतिशत से अधिक भूमि अधिग्रहीत की जा चुकी है और अब जबकि बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए कम्पनियों का चयन हो चुका है शीघ्र ही इसका निर्माण कार्य भी प्रारम्भ हो जाएगा। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे जनपद चित्रकूट में भरतकूप के पास से प्रारम्भ होकर जनपद बांदा, हमीरपुर, महोबा, जालौन, औरैया होते हुए आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे पर राष्ट्रीय राजमार्ग सं0–91 (इटावा–बेवर मार्ग) से लगभग 16 किमी0 पूर्व कुदरैल गाँव के पास समाप्त होगा। यह एक्सप्रेसवे 04 लेन चौड़ा (06 लेन में विस्तारणीय) होगा। इस एक्सप्रेसवे की लम्बाई 296.07 किमी0 है। इस एक्सप्रेसवे के बन जाने से पूरा बुन्देलखण्ड क्षेत्र सीधा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से जुड़ जाएगा और वहां विकास के नये रास्ते खुलेंगे।

इसके साथ ही सरकार द्वारा पूर्व में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के सभी दो पैकेजों के निर्माण कार्य हेतु निम्नलिखित दो कम्पनियों का भी चयन किया गया था।

M/s Apco Infratech Pvt. Ltd.(पैकेज 1) तथा M/s Dilip Buildcon Ltd. (पैकेज 2)।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार गोरखपुर क्षेत्र के विकास के लिए तेजी से कार्य कर रही है अब जबकि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य के लिए कैबिनेट की मंजूरी मिल गयी है तो शीघ्र ही इसका निर्माण कार्य भी प्रारम्भ हो जाएगा। अब तक यूपीडा द्वारा गारेखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लिए लगभग 77 प्रतिशत भूमि अधिग्रहीत की जा चुकी है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे, गोरखपुर बाईपास (एन0एच0–27) ग्राम–जैतपुर के पास से प्रारम्भ होकर जनपद–गोरखपुर, संतकबीर नगर, अम्बेडकर नगर होते हुए जनपद आज़मगढ़ में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के चैनेज 190+855 पर समाप्त होगा। यह एक्सप्रेसवे 04 लेन चौड़ा (06 लेन में विस्तारणीय) होगा। इस एक्सप्रेसवे की लम्बाई 91.35 किमी0 तथा आर0आ0डब्ल्यू0 की चौड़ाई 110 मी0 है।

नोट– विस्तृत जानकारी के लिए विभाग की वेबसाइट– www.upeida.in का अवलोकन करें।

–प्रेसनोट की समाप्ति–